तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 27 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



16 सुशासन तिहार झांकी में आयोजित जन समस्या ...





14 महाशिवरात्रि का व्रत करने से एक वर्ष के शिव पूजन ...




## खबर संक्षेप

### लोहा पार करने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** मकान के बाहर रखे लोहे के सामान को पार करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। नेवई पुलिस ने बताया कि उत्कल नगर स्टेशन मरोदा नेवई निवासी उदय ताण्डी ने शिकायत किया। जिसमें अपने मकान के बाहर दीवार से लगाकर लोहे का दरवाजा, 3 लोहे का एंगल, 2 लोहे का वेंटीलेटर रखा था। 23 मई को अज्ञात ने पार कर दिया। उक्त सामान 7 हजार रुपए का था। पुलिस ने जांच के बाद तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी संगम चौक स्टेशन मरोदा निवासी लक्की जैन उर्फ सुरेश जैन और डी ब्लॉक दक्षिण गंगोत्री सुपेला लव कुमार साहू को पकड़ा गया। पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया। उनके पास से पुलिस ने लोहे का सामान बरामद किया है।

### जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पकड़ा

**भिलाई।** जुआ खेल रहे सात जुआरियों को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कसाई मोहल्ला कैम्प-2 निवासी दानिश कुरैशी, 8 नम्बर रोड कैम्प-1 विरेन्दर चौहान,चटाई क्वार्टर कैम्प-2 मो. चांद,अहमद नगर कैम्प-2 मो. जाफर,अण्डा चौक खुर्सीपार रितिक कोलते, कसाई मोहल्ला गुरुद्वारा के पास कैम्प-2 रेहान हुसैन, भिलाई शेख अफरोज शामिल है। जुआरियों से पुलिस ने 52 पत्ती ताश और नगदी 1200 रुपये बरामद किया है।

### किसान से बीमा करने के नाम पर 3.50 लाख की ठगी

**भिलाई।** बीमा का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। बोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम हिर्री निवासी हेमंत कुमार साहू खेती-किसानी का काम करता है। वर्ष 2022 में पीएनबी मेटलाइफ में सुपर सर्वर प्लान के तहत बीमा कराया था। पॉलिसी का एक प्रीमियम जमा करने के बाद आगे की किस्त नहीं भर पाया था। पीड़ित किसान के मोबाईल पर 7 मई को कॉल आया। कॉल करने वाले ने मन्नत वर्मा स्वयं को बताया था। उसने झांसा में लेकर किसान को बीमा पॉलिसी बंद होना की जानकारी दी। दो किस्त जमा करने पर फिर शुरु हो जाने की बात कहा था। इसके बाद करीब 3 लाख 2 हजार रुपए वापस किसान को मिलने का झांसा दिया। आरोपी ने किसान का आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते की जानकारी लेकर फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को कहा। पॉलिसी 2022 में शुरू कराया गया था। किसान के मुताबिक एक अन्य व्यक्ति ने खुद को विजय श्रीवास्तव बताते हुए बैंक खाता नंबर भेजा और पहली किस्त 30 हजार रुपए जमा करने के लिए कहा था। हेमंत साहू आरोपियों की बातों में आकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र की नगपुरा शाखा में जाकर बताए गए खाते में रकम जमा कर दी। कुछ देर बाद फिर कॉल आया और कहा गया कि एजेंट पर पेनाल्टी लगी है। पैसा रिलीज करने के लिए सरकार को टैक्स देना पड़ेगा।

# भिंभौरी में स्कूल के पास खुले शराब दुकान के खिलाफ फूटा जनाक्रोश

## तेज धूप में हल्ला बोल कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीण, प्रशासन में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

विकासखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत भिम्भौरी में शासकीय शराब दुकान खुलने को लेकर ग्रामीणों के विरोध का नया मामला सामने आ रहा है। जिसमे कुम्ही-भिंभौरी मुख्य मार्ग पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के ठीक सामने स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं के सुनहरे भविष्य को ताक पर रखकर संचालित हो रही शराब दुकान को हटाने की मांग अब एक बड़े जन-आंदोलन का रूप लेती जा रही है। दरअसल इस गंभीर जनविरोधी फैसले के खिलाफ क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और युवाओं का धैर्य आखिरकार जवाब दे गया, जिसके तहत ग्राम कुम्ही निवासी मनीष वर्मा के नेतृत्व में आक्रोशित ग्रामीणों ने मदिरालय के ठीक सामने मोर्चा खोलते हुए कल मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन।का बिगुल फूंक दिया है। जिसमे हल्ला बोल के बुलंद हौसले और नारों के साथ चिलचिलाती तेज धूप की परवाह किए बिना जमीन पर बैठे इन प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि शिक्षा के मंदिर के ठीक पास मधुशाला का होना सीधे तौर पर नौनिहालों के भविष्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। चूंकि शराब दुकान के कारण यहाँ दिनभर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं को भारी मानसिक प्रताड़ना और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है।




### जनमानस का भी भरपूर समर्थन मिल रहा

फिलहाल भीषण गर्मी और लू के हीटवेव्स के बीच अपनी मांग पर अड़े ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन सहित आबकारी विभाग के आला अधिकारियों के चेतावनी दी हैं। जिसमे आंदोलनकारियों ने कहा है कि जब तक इस मदिरालय को यहां से हटाकर किसी अन्यत्र निर्जन स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया जाता, तब तक उनका यह धरना प्रदर्शन और उग्र रूप धारण करेगा और वे एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। फिलहाल, इस जनहितैषी आंदोलन को आसपास के ग्रामीणों और आम जनमानस का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है, जिससे यह साफ है कि यदि प्रशासन ने समय रहते सुध नहीं ली, तो यह सुलगता आक्रोश आने वाले दिनों में एक बड़े प्रशासनिक संकट का सबब बन सकता है।

**विरोध**

**आत्मदाह और पथराव की कोशिश से दहला खुरूसबोड, खंडसरा चौकी में काउंटर शिकायत**

# थानखम्हरिया क्षेत्र के ग्राम खुरूसबोड में अतिक्रमण हटाने के दौरान भारी बवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थानखम्हरिया तहसील क्षेत्र अंतर्गत साजा विकास खंड के ग्राम खुरूसबोड में मंगलवार दोपहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई उस समय हिंसक मोड़ ले बैठी, जब प्रशासनिक टीम और अतिक्रमणकारी परिवार के बीच जमकर विवाद हो गया।

नवा तरिया निर्माण के लिए सरकारी घास भूमि को कब्जामुक्त कराने पहुंची टीम पर पथराव की कोशिश, जेसीबी चालक पर हमला तथा आत्मदाह के प्रयास जैसी घटनाओं से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार ग्राम खुरूसबोड में करीब 3 एकड़ शासकीय भूमि पर राज्य शासन की महत्वाकांक्षी "नवा तरिया" योजना के तहत तालाब निर्माण प्रस्तावित है। इसी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासनिक अमला मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे मौके पर पहुंचा था। कार्रवाई के दौरान एक अतिक्रमणकारी परिवार ने विरोध शुरू कर दिया, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि विरोध के दौरान मशाल के माध्यम से आत्मदाह का प्रयास भी किया गया, जिससे मौके पर मौजूद अधिकारी और ग्रामीण सकते में आ गए।

### प्रशासनिक टीम पर हमले की कोशिश, चौकी पहुंचा मामला

कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे थानखम्हरिया तहसीलदार मोरध्वज साहू एवं खंडसरा चौकी प्रभारी कंवल सिंह नेताम पुलिस बल और पंचायत अमले के साथ मौके पर मौजूद थे। तहसीलदार मोरध्वज साहू ने बताया कि पूरी कार्रवाई वैधानिक प्रक्रिया के तहत की जा रही थी, लेकिन इसी दौरान अतिक्रमणकारी परिवार गणेश वर्मा पिता टेकसिंह वर्मा एवं उनके परिजन उग्र हो गए। प्रशासन का आरोप है कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, कानून व्यवस्था बिगाड़ने तथा हमला करने की कोशिश की गई। मामले में खंडसरा चौकी में नामजद शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं दूसरी ओर अतिक्रमणकारी पक्ष द्वारा भी पुलिस में काउंटर शिकायत दिए जाने की जानकारी सामने आई है, जिससे मामला और उलझ गया है।

### 17 कब्जाधारियों में 16 ने हटाया अतिक्रमण, एक परिवार ने किया विरोध

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार नवा तरिया निर्माण का प्रस्ताव ग्रामसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया था। चिन्हित भूमि पर कुल 17 लोगों का कब्जा था। प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद 16 कब्जाधारियों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया। लेकिन टेकसिंह वर्मा के परिवार ने लगातार तीन नोटिस मिलने के बावजूद जमीन खाली नहीं की। आरोप है कि प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी करते हुए संबंधित परिवार ने जल्दबाजी में वहां पक्का मकान भी खड़ा कर लिया। इसी निर्माण को हटाने की कार्रवाई के दौरान विवाद भड़क उठा।

### प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर फैलाई गई भ्रामकता

मामले में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी अलग विवाद सामने आया है। सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर लाल साहू ने कहा कि संबंधित हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास के लिए गांव के दूसरे हिस्से में वैध भूमि आवंटित की गई है। उनके अनुसार संबंधित परिवार ने स्वीकृत भूमि पर निर्माण न कर प्रस्तावित तालाब की सुरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया। पंचायत का दावा है कि आवास की पहली किस्त भी जारी हो चुकी है, बावजूद इसके नियमों की अनदेखी की गई।

**फिलहाल अतिक्रमणकारी पक्ष का:** आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं पूरे घटनाक्रम के बाद गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है तथा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई।

**नगर में बढ़ती केबल चोरी पर नपा प्रशासन सख्त**

## कबाड़ व्यापारियों की बैठक लेकर सहयोग की अपील, संदिग्ध सामग्री खरीदने पर चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर में लगातार हो रही केबल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर के सभी कबाड़ी व्यापारियों की नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं सीएमओ ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए व्यापारियों से प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि नगर में विद्युत एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़ी केबल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कबाड़ी व्यापारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरान सभी व्यापारियों को समझाइश देते हुए कहा गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से चोरी की सामग्री की खरीद-बिक्री न करें तथा बिना वैध दस्तावेज के कोई भी केबल या धातु सामग्री स्वीकार न करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को देने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने भी नगर हित में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चोरी की सामग्री खरीदने या छिपाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा उपाध्यक्ष अशोक शर्मा नगर पालिका मुख्य अधिकारी नरेश वर्मा सहित कबाड़ के व्यवसायिक उपस्थित रहे ।

# भीषण गर्मी में बढ़ी नदी की मछलियों की डिमांड सरकारी बेरुखी से आर्थिक भंवर में फंसे मछुआरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भीषण गर्मी के इस कड़े मौसम में शिवनाथ नदी स्थित कुम्हिगुड़ा एनीकट स्थानीय मछुआरों की आजीविका का प्रमुख सहारा बना हुआ है।

नदी में पर्याप्त पानी होने के कारण दर्जनों मछुआरे सुबह से ही गाड़ियों के ट्यूब और लकड़ी की छोटी नावों के सहारे नदी में उतरकर जान जोखिम में डालते हुए मत्स्याखेट कर रहे हैं। स्थानीय बाजारों में तालाब की तुलना में नदी की ताजी मछलियों की भारी मांग होने से मछुआरों को अच्छे दाम मिल रहे हैं। कई बार जाल में बड़ी मछलियां फंसने से उनकी आमदनी में अचानक बढ़ोतरी भी हो जाती है। हालांकि यह राहत केवल मानसून शुरू होने तक ही सीमित रहती है। मछुआरों का कहना है कि बारिश शुरू होते ही ब्रीडिंग सीजन के चलते प्रशासन द्वारा मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है, जिससे उनका रोजगार पूरी तरह ठप पड़ जाता है। ऐसे समय में परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है और आर्थिक संकट गहराने लगता है। वहीं दूसरी ओर, सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर नहीं मिलने से मछुआरों में नाराजगी है। उनका कहना है कि महंगे जाल, आइस बॉक्स और अन्य जरूरी संसाधन उन्हें अपनी जेब से खरीदने पड़ते हैं। शासन-प्रशासन की ओर से पर्याप्त सहयोग ▶▶| शेष पेज 14 पर

# बढ़ती महंगाई और डीजल संकट पर कांग्रेस का जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पेट्रोल पंपों में पहुंचकर किसानों, मजदूरों और आमजनों की समस्याएं सुनीं



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष व पूर्व विधायक आशीष कुमार छाबड़ा के नेतृत्व में शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों में "बढ़ती हुई महंगाई पर संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों और वाहन चालकों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं जनभावनाएं सुनीं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संवाद के दौरान किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि डीजल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से खेती-किसानी का कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। किसानों ने कहा कि ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों के संचालन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही किसानों ने खाद की कमी को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना था कि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है तथा कई स्थानों पर खाद मिल ही नहीं रही है, जिससे आगामी कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।

कार्यक्रम के दौरान यह बात भी सामने आई कि जिले के कई पेट्रोल पंपों में डीजल संकट के चलते ताले लगे हुए हैं, जिससे आम नागरिकों और परिवहन व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि तथा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से आम जनता, किसान एवं मजदूर वर्ग काफी परेशान है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष कुमार छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार ऐसी नीतियां लागू कर रही है, जिससे किसान और मजदूर वर्ग आर्थिक संकट में घिरता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव किसानों, मजदूरों एवं आम जनता के साथ खड़ी रही है और बढ़ती महंगाई, डीजल संकट एवं खाद की कमी जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर हर स्तर पर लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसानों और आमजनों के हितों की रक्षा हेतु आंदोलन एवं जनसंवाद ▶▶| शेष पेज 14 पर

**घटिया निर्माण की खुली कलई, दीवारों में उभरी गहरी दरारें बनी चर्चा का विषय**

**तत्कालीन अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत का आरोप, ग्रामीणों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग**

# आरईएस विभाग की खुली पोल, सालभर में ही दरकने लगा लालपुर का कूड़ा पृथक्करण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा



जनपद पंचायत साजा अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीण विकास विभाग के साजा सब-डिवीजन के तहत निर्मित कूड़ा पृथक्करण केंद्र निर्माण के महज एक वर्ष के भीतर ही जर्जर होने लगा है।

भवन की दीवारों में उभरी बड़ी-बड़ी दरारें निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी की पोल खोल रही हैं। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पूरे निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। आरोप है कि तत्कालीन अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण भवन इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि यह निर्माण कार्य वर्ष 2023 से 2025 के बीच आरईएस सब-डिवीजन साजा के तत्कालीन एसडीओ की देखरेख में कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि केवल लालपुर ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में कई निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार किया गया है। लोगों का कहना है कि सरकारी राशि के दुरुपयोग के चलते सीमेंट-रेत के अनुपात और अन्य तकनीकी मापदंडों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। अब इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। शासन जहां ग्रामीण विकास और स्वच्छता अभियान को मजबूत करने करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है, वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से योजनाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

ग्राम लालपुर में बने कूड़ा पृथक्करण केंद्र की वर्तमान स्थिति क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। भवन में आई दरारों को देखकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आरईएस विभाग द्वारा पिछले वर्षों में कराए गए सभी निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।




**खबर संक्षेप**

## गोल्डन ब्वाय भूपत ने कुडो में जीते 5 गोल्ड मेडल



दुर्ग। गोल्डन ब्वाय ऑफ छत्तीसगढ़ भूपत साहू ने चौथे कुडो नेशनल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ को 5 गोल्ड मेडल दिलाए हैं। प्रतियोगित पुणे मिलिट्री स्कूल पुलगांव महाराष्ट्र में आयोजित ककी गई। इस उपलब्धि पर कोच लीलिमा सोनी, राजा कौशल, आशीष प्रेरणा सुराना ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि सपने वही सच होते हैं, जिनके लिए खिलाड़ी दिन-रात मेहनत और अनुशासन के साथ लड़ता है। छत्तीसगढ़ के हर युवा के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। कुडो में लगातार मिल रही राष्ट्रीय सफलताएं यह साबित कर रही हैं कि सही अनुशासन और गाइडेंस बच्चों को चैम्पियन बनाती है। आज छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी देशभर में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं।

## रक्त दानदाताओं को किया गया सम्मानित



दुर्ग। जिला अस्पताल या अन्य जरूरत मंदों को निरन्तर रक्त दान कर रहे युवा जिन्होंने अब तक 26 बार ब्लड डोनेट किया। रामनगर निवासी कन्हैया चन्द्राकर राम नगर निवासी को उनके निस्वार्थ इन्सानियत व परोपकार के लिये संस्था सेवा-सतसंग-परिवार द्वारा तिलक से अभिनंदन कर साल श्री फल, पुष्प माला, समृति चिन्ह, भगवत गीता, डायरी, पेन व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। राकेश यादव का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मोहन चंद्राकर, बृजमोहन वर्मा, प्रशांत वर्मा, राकेश सोनी, मुकेश सोनी, हर्ष सोनी, दीपक सोनी, राजू चंद्राकर, नरेश साहू, नामदेव गुरुग, संदीप अग्रवाल आदि अन्य उपस्थित थे।

# खुर्सीपार के सड़क-6 में चल रहा था जुआ, 96 हजार कैश जब्त, 5 गिरफ्तार

**पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा, कार, बाइक, मोबाइल भी जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शहर में लंबे समय से जुआ का खेल चल रहा है। लगातार शिकायतों और कार्रवाई के बाद भी पुलिस इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। विशेष रूप से शनिवार और रविवार के दिन दुर्ग और भिलाई जुआ के फड़ सज रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायत के बाद पुलिस ने खुर्सीपार क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो कार, दो बाइक, मोबाइल और 92615 रुपए कैश जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं धारा 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत सड़क एवेन्यू क्वार्टर नंबर 6 स्थित मकान में कुछ व्यक्ति रूपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसीसीयू और खुर्सीपार पुलिस की टीम ने मौके पर घेराबंदी की। कार्यवाही के दौरान मकान के अंदर जुआ खेलते एवं खिलाते पांच व्यक्तियों को पकड़ा गया। मौके से नगदी रकम, ताश पत्ती, कार, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं जुआ फड़ संचालन में प्रयुक्त सामग्री जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपियों में सड़क दो निवासी जानकी रमैया उम्र 60 वर्ष, काली मंदिर के पास के रहने वाले जितेंद्र सिंह उम्र 58 वर्ष, दुर्गा नगर निवासी अशोक कुमार सोनी उम्र 45 वर्ष, सपना टॉकीज के पास रहने वाले मोहम्मद अनीस उम्र 51 वर्ष, जोन-1 निवासी रवि कुमार उम्र 50 वर्ष को पुलिस ने पकड़ा।



### दुर्ग में भी सज रहा फड़, नदी किनारे रहता है जमघट

दुर्ग में महमरा एनीकट, छातागढ़, मोहलाई, खंडेलवाल कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, मिलपारा सहित अन्य जगहों पर हर संडे फड़ सज रहे हैं। नदी किनारे कई अन्य जगहों पर खुलेआम जुआ खेला जा रहा है। बावजूद इसके अब तक ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई नहीं कर पाई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुए की शिकायत समान्य हो गई है। इधर दुर्ग पुलिस ने ऐसे सारे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए आम नागरिकों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि आर्थिक लेन-देन का नियमित सत्यापन एवं निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता की सूचना तत्काल पुलिस को दें। आर्थिक अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पंच कुण्डीय रुद्र महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजा शिव महापुराण

# महाशिवरात्रि का व्रत करने से एक वर्ष के शिव पूजन का फल मिलता है : दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्राम अर्जुनी में चल रहे पंच कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण की कथा के दूसरे दिन दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि एक बार भगवान शिव जी के अंग से भगवान श्री विष्णु और ब्रह्मा जी प्रगटे शिवमाया के प्रभाव से भगवान श्री विष्णु जी और ब्रह्मा जी दोनों के मध्य मैं बड़ा हूं कहकर विवाद हो गया और युद्ध होने लगा तब दोनों के मध्य एक ज्योतिर्मय लिंग प्रगट हो गया दोनों देवताओं ने तय किया कि एक ऊपर जायेंगे और विष्णु जी निचे गये श्री विष्णु जी कई वर्षों बाद अंत न मिलने से श्री विष्णु जी वापस आ गए और ब्रह्मा जी झूठी गवाही केवड़ा पुष्प के साथ आये बोले कि मैंने आदि देख लिया भगवान श्री शिव जी प्रगट हो गये और नाराज होकर ब्रह्मा जी के एक सिर को कटवा दिया।

केवड़ा से कहा तुम मेरे ऊपर नहीं चढोगी और ब्रह्मा जी का मंदिर नहीं बनेगा पूजा नहीं होगी ब्रह्मा जी के क्षमा मांगने पर यज्ञ आदि में अवसर दिया। जिस दिन ये ज्योतिर्लिंग प्रगट हुआ इसी दिन को महाशिवरात्रि कहते हैं। भगवान शिव जी की उपासना में महाशिवरात्रि व्रत की बहुत महिमा है। जो महाशिवरात्रि व्रत करता है निराहार निर्जल रहकर या अपने शरीर स्वास्थ के अनुसार फलाहार करके रात्रि में चार प्रहर पूजा करे भजन कीर्तन करे तो एक बार महाशिवरात्रि का व्रत करने से एक वर्ष के शिव पूजन का फल मिलता है। भगवान शिव जी का जो भजन कीर्तन चिंतन पूजन करता है भगवान उनकी मनोकामना तुरंत पूर्ण कर देते हैं। तीर्थराज प्रयाग में श्री शिव महापुराण की कथा चल रही है जैसे भगवान सूर्य और चंद्रमा चमकते हैं वैसे ही तीर्थों में प्रयागराज चमकते हैं।

**0मंदिर निर्माण के बाद नित्य पूजन जरूरी नहीं तो लगता है दोष : स्वामी जी**



मानव तन बड़ा दुर्लभ है इसे पाकर भगवान की प्राप्ति करना चाहिए। नर्मदा किनारे तप करने से जल्दी ही सिद्धी मिलती है और गंगा तट में मरने से मोक्ष मिलता है। शिवलिंग की स्थापना सभी कर सकते हैं अनुकूल समय देखकर पुण्य नदी के तट पर शिवलिंग की स्थापना होनी चाहिए वहां बहुत अधिक पुण्य मिलता है। नदी का किनारा ना मिले तो वहां शिवलिंग की स्थापना करें जहां नित्य पूजन हो सके। मंदिर की स्थापना करने के बाद यदि पूजन ना हो तो दोष लगता है। मंदिर बने तो आजीवन प्रतिदिन पूजन की व्यवस्था करनी चाहिए। शिवलिंग की स्थापना प्रतिष्ठा दो प्रकार की होती है एक चल प्रतिष्ठा और दूसरी अचल प्रतिष्ठा घर में चल प्रतिष्ठा होती है जहां आवश्यकता के अनुसार भगवान को यहां वहां ले जा सकते हैं। मंदिर में अचल प्रतिष्ठा होती है। शिवलिंग का पीठ माता जगदम्बा ही हैं शक्ति हैं जिस धातु या शिला से शिवलिंग बनता है उसी से पीठ बनाना चाहिए। नर्मदेश्वर बाणलिंग में दूसरा पीठ बना सकते हैं। बाणलिंग में प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती है। जो शिवलिंग की स्थापना नहीं करा सकते वो शिवलिंग का मूल्य, शिवलिंग, फुलवारी की व्यवस्था करे या पूजन सामग्री की व्यवस्था करे या शिवालय मंदिर की साफ सफाई झाड़ पोंछा करे तो भी शिवलोक की प्राप्ति हो जाती है। मंदिरों में गंदगी ना करें। भगवान्‌ श्री शिव जी की आराधना करने से पाप नष्ट होते हैं। सारे संसार का उपकार करने के लिए भगवान्‌ श्री शिव जी ने रवि सोम मंगल बुध गुरु शुक्र शनि सात 07 वार बनाए हैं। रविवार प्रथम वार है। हमारा कर्म करने में अधिकार है और फल देनेवाले भगवान श्री शिव जी हैं फल देने की गारंटी भगवान शिव जी की है। जो भगवान शिव जी का अभिषेक करते हैं उनकी आत्म शुद्ध होती है। छत्तीसगढ़ बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा में ऐतिहासिक, अपूर्व और अद्वितीय सवालाख शिवलिंग का मंदिर बन रहा है जिसमें 5100 ईन्क्यावन सौ रुपए देकर पति-पत्नी अपने नाम से, या अपने पूर्वजों के नाम से या अपने बच्चों के नाम से एक शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। शिवलिंग आपके नाम से रहेगा ।

प्रातः काल यज्ञ का पूजन होता है श्री शिव महापुराण का पारायण और दोपहर 2 दो बजे से कथा मंच प्रारंभ हो जाती है।

ग्राम अर्जुनी में 31 मई तक श्री रुद्र महायज्ञ और श्री शिव महापुराण की कथा चलेगी। कथा सुनने और यज्ञ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आ रही है।



## नारायणपुर में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

- नांदघाट तहसील स्तरीय पदाधिकारियों का हुआ चयन

सर्व ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक नारायणपुर में आयोजित की गई, जिसमें समाज के संगठनात्मक विस्तार, सामाजिक एकता एवं आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र के वरिष्ठजनों एवं समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नांदघाट तहसील स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवगठित टीम को समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने, सामाजिक समन्वय बढ़ाने तथा युवाओं को समाज से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। वरिष्ठ नरेंद्र शर्मा ने कहा कि समाज की मजबूती संगठन और आपसी संवाद से ही संभव है। इसके लिए तहसील स्तर पर नियमित बैठक, सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने पर जोर दिया गया।

## जरूरत के अनुसार समय पर खाद व डीजल उपलब्ध कराए सरकार : राजकुमार गुप्त

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा फर्टिलाइजर का आबंटन कम करने और डीजल संकट के कारण चालू खरीफ सीजन में खेती किसानी करना कठिन हो रहा है। हर प्रकार से प्रयास करने के बावजूद खेती का रकबा और खाद्यान्न सहित अन्य उपजों का उत्पादन 50% तक कम होने की आशंका है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक एड राजकुमार गुप्त ने कहा कि खेती से आमदनी से किसान वंचित हो सकते हैं, मंहगाई में घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि फर्टिलाइजर और उर्जा संकट के लिए किसान जिम्मेदार नहीं हैं लेकिन इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों को आवश्यकता के अनुसार समय पर फर्टिलाइजर और डीजल उपलब्ध कराए।

## झीरम घाटी हादसे के दिवंगत कांग्रेस नेताओं को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



दुर्ग। शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ने 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सली हमले में मरने वाले कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि देकर उनकी शहादत को नमन किया गया।

बाकलीवाल ने कहा कि हम सभी के लिए अत्यंत भावुक और गंभीर है। आज हम यहां किसी उत्सव के लिए नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ महतारी के उन वीर सपूतों को याद करने और उनके चरणों में अपने श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्होंने प्रदेश की माटी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। झीरम घाटी का वह मंजर याद करके आज भी रूह कांप उठती है। वह केवल एक हमला नहीं था, वह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था और छत्तीसगढ़ की शांति पर हुआ एक कायरतापूर्ण प्रहार था। लेकिन हमारे नेताओं ने पीठ नहीं दिखाई, वे लड़ते-लड़ते शहीद हो गए। जननेता स्व. नंदकुमार पटेल को जिनकी संगठनात्मक क्षमता और सौम्य मुस्कान आज भी हमारे दिलों में जिंदा है। हम नमन करते हैं। बस्तर के टाइगर' कहे जाने वाले स्व. महेंद्र कर्मा जी को, जिन्होंने बस्तर की जनता की सुरक्षा के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी। हम याद करते हैं स्व. उदय मुदलियार के उस संघर्षशील जीवन को, जिन्होंने हमेशा जनता की आवाज को बुलंद किया। उनके साथ ही, उस काली रात में शहीद हुए हमारे अन्य सभी नेता, सुरक्षा बल के जवान और कार्यकर्ताओं का बलिदान यह देश और यह प्रदेश कभी नहीं भूल सकता। इन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि सिर्फ फूल चढ़ाने से नहीं होगी। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तब मिलेगी, जब हम उनके दिखाए रास्ते पर चलेंगे। दो मिनट का मौन रखकर सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## कबाड़ हो रहे 22 वाहनों की ऑनलाइन नीलामी, 5.50 लाख कोष में कराए जमा



दुर्ग। दुर्ग पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई के दौरान जब्त 22 वाहनों की एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नीलामी की। इस दौरान मिले 5.50 लाख रुपए राजकोष में जमा कराए गए। दुर्ग पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न प्रकरणों में जप्त वाहनों की ऑनलाइन नीलामी एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से संपन्न कराई गई। नीलामी प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई, जिसमें कुल 22 जप्त वाहनों को शामिल किया गया। इन वाहनों में 10 दोपहिया एवं 12 चारपहिया वाहन सम्मिलित रहे। दुर्ग पुलिस द्वारा बताया गया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध मादक पदार्थ कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला दुर्ग पुलिस द्वारा संपूर्ण नीलामी प्रक्रिया को एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में पुलिस लाइन और डीसीआरबी शाखा एवं सम्बन्धित थाना के पुलिस अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# संयुक्त एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य कार्यों का विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- लिंक अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई

कलेक्टर अभिजित सिंह ने जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टरों एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य पूर्व में जारी सभी कार्य विभाजन आदेशों को अधिक्रमित करते हुए नया कार्य विभाजन किया है। नए विभाजन के तहत अधिकारियों की जिम्मेदारियों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस को अधीक्षक, वित्त-स्थापना शाखा, नोडल अधिकारी पेंशन, प्रस्तुतकार शाखा न्यायालय कलेक्टर दुर्ग, भू-अभिलेख शाखा, डायवर्सन शाखा, सहायक अधीक्षक राजस्व, राजस्व मोहर्रिर शाखा, राजस्व लेखा शाखा, बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन, सूखा राहत शाखा, पर्यावरण अधोसंरचना मद का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही वे जिला नाजिर शाखा सहित पीजीएन एवं शासन से प्राप्त शिकायत आवेदनों का निराकरण, शपथ पत्र एवं प्रमाण पत्र सत्यापन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, नोडल अधिकारी व्यापम एवं परीक्षा प्रभारी, नोडल अधिकारी दिव्यांगजन शिकायत निवारण, नोडल अधिकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल, मुख्यमंत्री सहायता, संजीवनी कोष, स्वेच्छानुदान, जनसंपर्क शाखा, नोडल अधिकारी सेवोत्तम अभियान, चिप्स परियोजना, चॉइस सेंटर के संचालन का कार्य संभालेंगी। वहीं, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी को प्रोटोकॉल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार, संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत को अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई नगर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जिसके तहत वे भिलाई नगर, भिलाई भट्टी और नेवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत दाण्डिक प्रकरणों का निपटारा करेंगे तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था व शांति कायम रखेंगे। साथ ही उन्हें अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जिसके तहत वे थाना छावनी, सुपेला, खुर्सीपार और जामुल क्षेत्र के बीएनएसएस के दाण्डिक प्रकरणों का निष्पादन और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे।

डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग शहर का दायित्व सौंपा गया है, जिसके अंतर्गत वे थाना दुर्ग, मोहन नगर, पद्मनाभपुर एवं जीआरपी दुर्ग क्षेत्र के भारतीय बीएनएसएस की धाराओं के तहत दाण्डिक प्रकरणों का निराकरण और कानून व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करेंगे। इसके अलावा वे सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी, आवास आवंटन शाखा, वरिष्ठ लिपिक-1, 2, 3 शाखा, सीएम घोषणा शाखा सहित फाइल होल्डर संबंधी कार्यों का संपादन करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का भी निर्वहन करना होगा। कार्यों के सुचारू संचालन के लिए लिंक अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है, जिसके अनुसार संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस के लिंक अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव होंगे। इसी तरह संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी के लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर महेश सिंह राजपूत की लिंक अधिकारी शिल्ली थॉमस और डिप्टी कलेक्टर उत्तम कुमार ध्रुव के लिंक अधिकारी संयुक्त कलेक्टर शिल्ली थॉमस होंगी।

# साई मंदिर समिति के धनेंद्र अध्यक्ष और धीरेंद्र बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति श्री साई मंदिर सिविल लाइन कसारीडीह दुर्ग के सत्र 2026-30 के चुनाव में अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए हैं। रविवार को मतदान के जरिए हुए चुनाव में श्री चंदेल ने श्रीकांत समर्थ को 28 वोटों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया।

चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल को 88 वोट मिले, जबकि श्रीकांत समर्थ ने 60 वोट प्राप्त किया। इसी प्रकार सचिव पद पर धीरेंद्र शर्मा ने शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने सुधीर वाघ को 40 मतों से शिकायत दी। नवनिर्वाचित सचिव धीरेंद्र शर्मा ने चुनाव में 95 वोट हासिल किया, वहीं सुधीर वाघ को 55 वोटो से ही संतोष करना पड़ा। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के 5 और सचिव पद के 3 वोट निरस्त किए गए। चुनाव में कुल 176 मतदाता सदस्यों में से 153 मतदाताओं ने उत्साह साथ हिस्सा लिया और अपना नया अध्यक्ष और नया सचिव चुनने में निर्णायक भूमिका निभाई। श्री साई मंदिर समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल इसके पहले लगातार 4 बार सचिव पद पर रहे चुके हैं। उन्होंने इस चुनाव में दो बार के अध्यक्ष रहे श्रीकांत समर्थ को हराया।

### पूर्व विधायक और पूर्व मेयर ने दी शुभकामनाएं

चुनाव को लेकर मंदिर परिसर में पूरे समय गहमागहमी बनी रही। नवनिर्वाचित सचिव धीरेंद्र शर्मा इसके पूर्व समिति के उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। यह चुनावी प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश दीक्षित के मार्गदर्शन और सहायक चुनाव अधिकारी संतोष यदु, जयंत खिरोड़कर, नारायण दत्त तिवारी के देखरेख में पूरी की गई। देर शाम परिणामो की घोषणा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेंद्र कांत चंदेल और सचिव धीरेंद्र शर्मा पैनल के समर्थकों ने जीत पर ढोल बाजा की धुन में नाच गाकर एवं आतिशबाजी कर जमकर अपनी खुशियां मनाई। इस ऐतिहासिक जीत पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चंदेल और सचिव श्री शर्मा को बधाईयों का ताता लगा हुआ है। जीत पर उन्हें सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव पांडेय समाजसेवी राकेश शर्मा, दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष अरुण मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, कांग्रेस नेता अजय शर्मा, मनोहर सोनी, अल्ताफ अहमद, पार्षद प्रकाश गीते, दीपक साहू, संजय अग्रवाल, कंचन शुक्ला, संजय डहरवाल, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राकेश सेन, शीतला मंदिर समिति अध्यक्ष रोमनाथ साहू, पवन बड़जात्या सहित अन्य ने बधाई दी।

पेज 11 का शेष

### भीषण गर्मी में बढ़ी नदी ...

नहीं मिलने के कारण उनकी आजीविका आज भी पूरी तरह प्रकृति और मौसम पर निर्भर बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि मछली पकड़ना इन मछुआरों का पारंपरिक एवं मूल व्यवसाय है, जिसके सहारे वे वर्षों से अपने परिवार का पालन-पोषण करते आ रहे हैं।

### बढ़ती महंगाई ...

लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर मंगत साहू, मिथलेश वर्मा, सुशीला जोशी, शशि प्रभा गायकवाड, बाल कुमारी ध्रुव, रीता पांडे, शकुंतला साहू, जनता साहू, रूबी सलूजा, योगिता साहू, झम्मन बघेल, सुमन गोस्वामी, राजू साहू, भरत भूषण साहू, लाला कटारे, शक्ति धर दिवान, अजय राज सेन, वैभव मिश्रा, दया सिंह वर्मा, प्रकाश ठाकुर, टोकेश्वर साहू, चंद्र प्रकाश शीतलानी, राकेश सोनी, नारायण छाबड़ा, लाखन सिंह, चितरेन वर्मा, संजय वर्मा, राघवेंद्र मनु, शुभम सोनी, कोमलपूरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



जीवेत शरदः शतम्
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
मान. किरण सिंह देव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा
02 जून
27 मई
श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी जी
अध्यक्ष, जिला पंचायत बेमेतरा
मान. श्री योगेश तिवारी जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सर्व हिंदू सनातन संगठन एवं
भाजपा किसान नेता, बेमेतरा (छ.ग.)
को जन्मदिन की अशेष बधाई एवं शुभकामनाएं...
दैनिक भास्कर
चैयरमैन – 250 बिस्तरों का
मां गोदावरी आनंद वन वृद्धाश्रम
दैनिक भास्कर द्वारा प्राईड आफ सेंट्रल इंडिया
अवार्ड से सम्मानित किया गया
समाज सेवा के लिये नारी शक्ति सम्मान
से रवीनाटंडन जी ने सम्मान किया
रायपुर में IBC24 मध्यप्रदेश–छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित "
नारी शक्ति सम्मान 2026 मे सम्मानित
बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन जी के करकमलों से हुवी।
विनीतः- समस्त कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

# कुसमी जर्जर पटवारी भवन में जान जोखिम में डालकर करना पड़ रहा है काम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला**

शासन-प्रशासन के बड़े-बड़े दावों और विभागीय आधुनिकीकरण के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिसका ताज़ा नज़ारा बेरला विकासखण्ड व तहसील अंतर्गत नगर पंचायत कुसमी का पटवारी और राजस्व निरीक्षक कार्यालय आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। क्षेत्र में करीब ढाई दशक पुराने इस जर्जर दफ्तर में कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं।

दरअसल विडंबना यह ही है कि कुसमी में नगर पंचायत के वर्तमान चमचमाते अस्थायी दफ्तर से ठीक लगे होने के बावजूद इस सरकारी कार्यालय की स्थिति बदतर हो चुकी है। मुख्य सड़क का स्तर ऊंचा होने के कारण यह कार्यालय अब जमीन से कई फीट नीचे धंस चुका है। मात्र दो कमरों के इस संकीर्ण दफ्तर में पटवारी और राजस्व निरीक्षक दोनों ही किसी तरह विभागीय कामकाज निपटाने को मजबूर हैं। जिसमे सीमित संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बीच अधिकारी-कर्मचारी हर दिन संकट का सामना कर रहे हैं।

फिलहाल इस कार्यालय की जर्जर हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सालभर के भीतर इस भवन की दो बार मरम्मत कराई जा चुकी है, जो स्थायी समाधान नही है। चूंकि अब सिर पर मानसून दस्तक देने को है, जिससे कर्मचारियों और यहाँ आने वाले फरियादियों में ऑफिस का छज्जा या छत गिरने का डर लगातार बना रहता है।

स्थानीय ग्रामीणों और दूर-दराज से आने वाले किसानों के बीच यह जर्जर कार्यालय इस समय भारी चर्चा और आक्रोश का विषय बना हुआ है।

## बरसात में जर्जर ऑफिस के छज्जा गिरने का खौफ



### उपेक्षा का शिकार पटवारी कार्यालय, प्रशासन नही ले रहा सुध

विदित हो कि सरकारी दस्तावेजों में वैसे तो राजस्व निरीक्षक(आरआई) का आधिकारिक मुख्यालय आनंदगांव है किंतु व्यावहारिक रूप से आरआई अक्सर इसी कुसमी पटवारी कार्यालय में बैठकर विभागीय कामकाज निपटाते हैं। ऐसे में इस एक छोटे और खतरनाक हो चुके भवन पर काम का दबाव और लोगों की आवाजाही दोगुनी हो जाती है, जिससे अव्यवस्था और ज्यादा बढ़ जाती है। उल्लेखनीय है, कि एक तरफ जहां शासन द्वारा अनेक विभागीय कार्यालयों को शानदार, सर्वसुविधायुक्त और हाईटेक भवनों की सौगात दी जा रही है, वहीं राजस्व विभाग की इस सबसे महत्वपूर्ण जमीनी इकाई की सुध लेने वाला कोई नहीं है। जिलेभर में कुसमी जैसी ही स्थिति कई अन्य पटवारी व आरआई मुख्यालय के ऑफिस की भी है, जो या तो ऐसे ही जर्जर हो चुके हैं या फिर किराए के उधार भवनों में जैसे-तैसे संचालित हो रहे हैं। नगर पंचायत प्रशासन की इस घोर निष्क्रियता और उदासीनता ने व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। फिलहाल कुसमी में पटवारी ऑफिस के खस्ताहाल स्थिति को देखकर तत्काल नवीन एवं सर्वसुविधायुक्त पटवारी कार्यालय के निर्माण के लिए हमारे द्वारा भरपूर और कड़े प्रयास आगामी बैठकों में किए जाएंगे। शासन स्तर पर इस मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा ताकि आम जनता, किसानों और कर्मचारियों को इस परेशानी से मुक्ति मिल सके और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलें।

## खबर संक्षेप



### आंधी-तूफान से गिरे पेड़ निगम अमले ने हटाया

**भिलाई।** भीषण गर्मी के बीच अचानक बदले मौसम और तेज आंधी-तूफान ने शहर में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के कई स्थानों पर बड़े और छोटे पेड़ सड़कों पर गिर गए थे जिससे आवागमन बाधित हो गया था। कई मार्गों पर यातायात प्रभावित होने से नागरिकों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी-तूफान के दूसरे दिन नगर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और गिरे हुए पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू किया। निगम कर्मचारियों द्वारा जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से सड़कों को साफ कर यातायात बहाल किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर पेड़ हटाने और मार्गों को सुचारू बनाने का कार्य किया गया, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगम की त्वरित कार्रवाई से शहर में यातायात व्यवस्था धीरे-धीरे सामान्य हो गई।

### मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने दवा का छिड़काव

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू, मलेरिया और अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रतिदिन अलग-अलग जोनों के वार्डों में अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नालियों, कूलरों, बाथरूमों और अन्य जलभराव वाले स्थानों पर पहुंचकर मच्छर उन्मूलन कार्य की जा रही है। इसके तहत मैलाथियान, टेमिफास व जला ऑयल का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें। कूलरों की नियमित सफाई करें।

### निजी वाहनों पर पुलिस लिखने पर होगी कार्रवाई

**भिलाई।** निजी वाहनों पर पुलिस लिखने वालो की खैर नहीं है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस अभियान चला रही है। आदेश जारी कर टाइगर मोबाइल, हाईवे पेट्रोलिंग और ड्यूटी प्वाइंट पर जवान तैनात होकर वाहनों की चेकिंग कर रहे है। ऐसे वाहनों की लगातार जांच करने के निर्देश दिए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। आदेश डीएसपी ट्रैफिक दुर्ग कार्यालय की ओर से जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि कई लोग अपनी निजी वाहनों के आगे-पीछे या भीतर पुलिस लिखी प्लेट लगाकर घूमते हैं। आम लोगों में गलत संदेश जाता है और कई बार इसका दुरुपयोग भी किया जाता है। ऐसे मामलों को अपराध की श्रेणी में माना गया है। ट्रैफिक विभाग ने साफ कहा है कि शहर में चलने वाले ऐसे सभी वाहनों की सघन चेकिंग की जाएगी। कोई निजी वाहन पुलिस लिखकर उपयोग करते हुए पाया जाता है तो वाहन को जब्त किया जाएगा।


## शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: मंत्री दयाल

# सुशासन तिहार झांकी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, मौके पर हुआ निराकरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत झांकी स्थित शासकीय हाई स्कूल मैदान में आज जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान एसडीएम नवागढ़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनमें से अनेक का निराकरण मौके पर ही किया गया। शिविर परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। विभागीय अधिकारियों ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री वय वंदन योजना से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। खाद्य विभाग द्वारा पात्र परिवारों को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए, वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदान कर वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को नवीन आवास की चाबियां भी सौंपी गईं। अपने पक्के घर की चाबी प्राप्त कर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार जताया।

- अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



### विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

शिविर में ग्रामीणों ने राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, बिजली, पेयजल, सीमांकन, नामांतरण एवं कृषि संबंधी समस्याएं रखीं। मंत्री श्री बघेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को पात्रता अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल एवं बिजली व्यवस्था सुचारु बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मंत्री बघेल ने अधिकारियों को दिए जवाबदेही, संवेदनशीलता का दिया निर्देश

मंत्री श्री बघेल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई और कहा कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अपने संबोधन में मंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण एवं गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि नल-जल योजना के माध्यम से प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही प्रदेश में जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़े पैमाने पर आवास निर्माण कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों के हित में धान खरीदी, आयुष्मान योजना, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड निर्माण, सड़क निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों से साझा की।

# निकाय कर्मचारी संघ ने प्रमुख मांगों को लेकर सचिव से की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगरी निकाय के प्रदेश पदाधिकारियों ने नगरी निकाय सचिव आर. संगीता से मुलाकात कर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेश सोनी और संयोजक संजय शर्मा की मौजूदगी में निकाय कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को सचिव के समक्ष विस्तार से रखा गया।

- वेतन भुगतान, पुरानी पेंशन, पदोन्नति और चिकित्सा सुविधा सहित कई मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में प्रमुख रूप से कर्मचारियों को ट्रेज़री के माध्यम से वेतन भुगतान, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, समयमान वेतनमान एवं पदोन्नति का लाभ समय पर देने, सातवें वेतनमान की बकाया एरियर्स राशि का भुगतान, नवीन पद संरचना एवं सेटअप तैयार करने जैसी मांगें शामिल थीं। इसके अलावा 3 से 5 वर्षों से निलंबित अधिकारी-कर्मचारियों की विभागीय जांच में तेजी लाकर नियमानुसार सेवा बहाली करने, अन्य शासकीय विभागों की तरह कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, सेवानिवृत्त एवं मृत कर्मचारियों के लंबित देयकों का शीघ्र भुगतान करने तथा अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने की मांग भी उठाई गई। संघ ने वर्ष 1992 से एल.एस.जी.डी. उत्तीर्ण कर्मचारियों को प्राप्त दो वेतन वृद्धि के संबंध में जारी वसूली आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग भी की। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सचिव आर. संगीता ने सभी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा बिंदुवार चर्चा करते हुए यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया। सचिव से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में संयोजक संजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष महीतोष शर्मा तथा वरिष्ठ सलाहकार एवं प्रदेश पेंशनर संघ के नेता श्रवण ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार शिविर में शराबबंदी से लेकर बिजली सुधारने के लिए दिए आवेदन

## सुशासन तिहार में जनता के आवेदन बने चर्चा का विषय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़**

सुशासन तिहार के शिविर इन दिनों केवल शिकायत दर्ज कराने की औपचारिक जगह नहीं रह गए हैं, बल्कि यहां जनता सुझाव, सवाल और सामाजिक संदेशों के साथ भी पहुंच रही है। मंगलवार को ग्राम झांकी में आयोजित शिविर में कुछ ऐसे आवेदन सामने आए, जिन्होंने पूरे क्षेत्र में चर्चा छेड़ दी। किसी ने सामाजिक बदलाव की बात रखी, किसी ने व्यवस्था पर सवाल उठाए और किसी ने रोजमर्रा की समस्या का समाधान मांगा।

सबसे ज्यादा चर्चा ग्राम अतर गंवा निवासी एवं भगवती मानव कल्याण संगठन से जुड़े बिसाहू राम साहू के आवेदन की रही। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रदेशवासियों को एक साल तक स्वेच्छा से शराब से दूर रहने की अपील करने का सुझाव दिया। आवेदन में कहा गया कि यदि समाज कुछ समय के लिए शराब से दूरी बनाए तो अपराध नियंत्रण, पारिवारिक माहौल और



सामाजिक संतुलन पर सकारात्मक असर पड़ सकता है। आवेदन को कई लोगों ने इसे व्यवस्था पर व्यंग्य के रूप में भी देखा।

इधर शराब का मुद्दा दूसरे रूप में भी सामने आया। ग्राम पंचायत झांकी के संबंध में पूर्व सरपंच द्वारा आवेदन देकर शिकायत की गई कि गांव में पिछले करीब एक वर्ष से अवैध शराब बिक्री जारी है। आवेदन में प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों के बीच चर्चा रही कि जब शराब बंद करने की अपील और अवैध बिक्री रोकने की मांग एक ही शिविर में पहुंच जाए, तो मुद्दा केवल व्यवस्था का नहीं बल्कि सामाजिक चिंता का भी बन जाता है।

वहीं विकास से जुड़ी मूलभूत जरूरतों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। ग्राम पंचायत गोपाल भैंना की सरपंच धनेश्वरी साहू ने बिजली व्यवस्था सुधार के लिए आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि अंधियारखोर से गांव तक लगे पुराने बिजली पोल और जर्जर तारों के कारण लगातार दिक्कतें हो रही हैं। साथ ही गांव में चार नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग भी की गई ताकि बिजली आपूर्ति नियमित और सुरक्षित हो सके।

सुशासन तिहार के इन आवेदनों ने यह संकेत जरूर दिया है कि गांव की जनता अब केवल समस्या गिनाने नहीं, समाधान सुझाने भी आगे आ रही है। कोई समाज सुधार चाहता है।

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी एवं संत समाज का अपमान छत्तीसगढ़ की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी : अजय साहू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा चिरमिरी में आयोजित जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी की कथा एवं पूज्य संतों को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह बयान करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की आस्था पर सीधा हमला है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति में इतनी अंधी हो चुकी है कि अब उसे संत समाज और सनातन संस्कृति का अपमान करने में भी संकोच नहीं रह गया है। अजय साहू ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी जैसे महान संत, विद्वान एवं राष्ट्रधर्म के प्रचारक को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करना कांग्रेस की विकृत मानसिकता को दर्शाता है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी सहित देश के पूज्य संतों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना अत्यंत निंदनीय है। छत्तीसगढ़ की धर्मप्राण जनता संत समाज का यह अपमान कभी स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रणीष रजक ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हमेशा से सनातन विरोधी रहा है। भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्न उठाने वाली कांग्रेस आज भी हिंदू आस्था एवं संत समाज को लगातार निशाना बना रही है। चरणदास महंत का बयान कांग्रेस की उसी मानसिकता का परिचायक है, जिसमें वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन संस्कृति को अपमानित किया जाता है। प्रणीष रजक ने कहा कि राहुल गांधी, उदयनिधि स्टालिन और ममता बनर्जी जैसे नेताओं के प्रभाव में कांग्रेस अब खुलकर सनातन विरोधी एजेंडे पर कार्य कर रही है। संत समाज के खिलाफ इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण एवं अशोभनीय है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी ने कहा कांग्रेस अब जनहित के मुद्दों से भटक चुकी है और केवल धार्मिक भावनाओं को आहत कर समाज में विभाजन पैदा करने का प्रयास कर रही है। संत समाज भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा की आत्मा है, उनका अपमान किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

- भाजपा ने कहा कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा फिर हुआ बेनकाब, चरणदास महंत ने संत समाज का किया अपमान

दीपक मोटवानी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के लगातार हिंदू विरोधी बयानों से स्पष्ट हो गया है कि पार्टी केवल तुष्टीकरण की राजनीति के सहारे अपना अस्तित्व बचाने का प्रयास कर रही है। छत्तीसगढ़ की जनता ऐसे नेताओं को कभी स्वीकार नहीं करेगी जो संत समाज एवं सनातन संस्कृति का अपमान करें। भाजपा नेताओं ने चरणदास महंत से तत्काल संत समाज एवं देशवासियों से बिना शर्त माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा एवं सनातन समाज संतों के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

## अपराध नियंत्रण और कम्यूनिटी पुलिसिंग पर दिया विशेष जोर

# एएसपी यादव ने किया थाना चंदनू का वार्षिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चंदनू का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जप्ती माल, माल खाना, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, जनरल डायरी, ड्यूटी रजिस्टर, मूर्त रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, ग्राम अपराध पुस्तिका, फिंगर प्रिंट रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर पुलिसिंग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान एएसपी हरीश यादव ने वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों एवं निर्देशों का समयबद्ध निराकरण करने, ई-साक्ष्य के उपयोग को बढ़ावा देने तथा ड्यूटी के दौरान निर्धारित साफ-सुथरी वर्दी धारण करने के निर्देश दिए। महिला आगंतुकों एवं शिकायत





कर्ताओं के साथ संयमित व्यवहार करने तथा उनकी शिकायतों पर तत्काल उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। एएसपी श्री यादव ने "सुशासन तिहार 2026" के अंतर्गत प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही नवीन आपराधिक कानून ,भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने समयबद्ध मामलों का शीघ्र निराकरण कर 60 से 90 दिनों के भीतर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने तथा तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवाओं एवं अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लंबित अपराध, मर्ग, गुमशुदगी एवं शिकायतों के शीघ्र निराकरण तथा लंबित स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। असामाजिक तत्वों, निगरानी बदमाशों एवं शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बीट प्रभारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने, अवैध गतिविधियों की जानकारी संकलित करने तथा सूचीबद्ध अपराधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

बीट पुस्तिका को नियमित रूप से अद्यतन रखने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने पर भी बल दिया गया। एएसपी ने विजिबल पुलिसिंग, रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग एवं कॉम्बिंग ऑपरेशन को प्रभावी बनाने, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा गोवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साइबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप एवं "सशक्त एप" के माध्यम से हाईटेक पुलिसिंग को बढ़ावा देने की बात कही गई। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने तथा "हमर पुलिस हमर बाजार" एवं "हमर पुलिस हमर गांव" अभियान के माध्यम से गांवों एवं बाजारों में जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही बस स्टैंड, चौपाटी एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के निर्देश दिए गए।

महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मामलों के त्वरित निराकरण हेतु "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान चलाने तथा संपत्ति संबंधी अपराधों के आदतन आरोपियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी चंदनू निरीक्षक , प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे, रघुनाथ नेताम, एएसपी कार्यालय से महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, आरक्षक दीनदयाल मिरे, रवि सिंह सहित थाना चंदनू के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

